# Padma Shri






## DR. CHANDRASHEKHAR MAHADEORAO MESHRAM

Dr. Chandrashekhar Mahadeorao Meshram, a talented Neurologist, is a multifaceted personality with excellence in Clinical Neurology, public health awareness, academic leadership, research, education, and social activities.

2. Born on 9th July, 1954, Dr Meshram completed MBBS from Government Medical College, Nagpur and then did MD (Medicine) and DM (Neurology) from Post Graduate Institute of Medical Education and Research, Chandigarh. Currently he is Neurologist and Director, Brain and Mind Institute, Nagpur. He was the National delegate for the Council of Delegates meetings of World Federation of Neurology (WFN) at Bangkok, Marrakesh, Stockholm, Vienna, Santiago, Kyoto, and Dubai. He also served as a member in Constitution and byelaws committee, and in scientific program committee of WFN. He held high position of the Trustee and President of Tropical and Geographical Neurology Specialty Group of WFN. He is the first Indian Neurologist in 65 years to serve as a Trustee of this prestigious academic organization which has 123 countries as members. He was the National President of Indian Academy of Neurology in 2013-14.

3. Dr. Meshram is passionate about public health education and awareness programs and does it through meetings, radio-talks, television, lectures in schools and colleges and newspaper articles for many years, regarding diseases like Stroke, Epilepsy, Dementia, Parkinson's Disease, Autism, Rabies, Headache, brain infections etc. He published 400 articles on public awareness. He is Course Director of educational activity WFN-IAN neuro infection webinar series. He has organized National and International conferences and conducted CME on 6 topics every year for 11 years. He initiated neurology departmental visits for students from poor Asian countries for training in India.

4. Dr Meshram is the Assistant Editor of international journal eNeurologicalSci, and section editor of Encyclopedia of Neurosciences. He has 63 publications in Journals. He was a principal investigator for 18 international clinical research trials and based on these, two new medicines received U.S. FDA approval for treatment of Epilepsy and Parkinson's disease. He is trustee of Baba Amte's Maharogi Seva Samiti, Vidarbha Sahitya Sangh, and Dr Babasaheb Ambedkar Smarak Samiti Deekshabhoomi, Nagpur. He gives scholarships to poor meritorious students and sponsors students for residential art camps. He is the founder President of Orange City Cultural Foundation and through it he organized six orange city international film festivals, movie appreciation workshops, two Indian film festivals and other cultural activities in Nagpur . He was Brand Ambassador of Nagpur for Swachh Bharat Abhiyan by NMC in 2018.

5. Dr Meshram is recipient of various awards like Samman Puraskar by Income Tax Department, Rashtrasant Tukadoji Maharaj Jeevan Sadhana Puraskar by RTM Nagpur University, Inspiring Neurologist of the country award, Professional Icon of Vidarbha award, Lokmat Times outstanding contribution award for excellence in healthcare, Dr Wankar Gold Medal and Life Time Achievement Award IMA and FIAN by Indian Academy of Neurology.






# डॉ. चन्द्रशेखर महादेवराव मेश्राम

डॉ. चन्द्रशेखर महादेवराव मेश्राम, एक प्रतिभाशाली न्यूरोलॉजिस्ट हैं। वह एक बहुआयामी व्यक्ति हैं जिन्हें क्लीनिकल न्यूरोलॉजी, सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता, शैक्षणिक नेतृत्व, अनुसंधान, शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त है।

2. 9 जुलाई, 1954 को जन्मे, डॉ. मेश्राम ने गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, नागपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की और फिर पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ से एमडी (मेडिसिन) और डीएम (न्यूरोलॉजी) किया। वर्तमान में वह न्यूरोलॉजिस्ट और ब्रेन एंड माइंड इंस्टीट्यूट, नागपुर के निदेशक हैं। वह बैंकॉक, मराकेश, स्टॉकहोम, वियना, सैंटियागो, क्योटो और दुबई में वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ न्यूरोलॉजी (डब्ल्यूएफएन) की प्रतिनिधि परिषद की बैठकों के राष्ट्रीय प्रतिनिधि थे। उन्होंने डब्ल्यूएफएनकी संविधान और उपनियम समिति और वैज्ञानिक कार्यक्रम समिति में सदस्य के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने डब्ल्यूएफएन के ट्रॉपिकल एंड ज्योग्राफिकल न्यूरोलॉजी स्पेशलिटी ग्रुप के ट्रस्टी और अध्यक्ष के उच्च पद पर कार्य किया। वह 65 वर्षों में 123 सदस्य देशों वाले इस प्रतिष्ठित शैक्षणिक संगठन के ट्रस्टी के रूप में सेवा करने वाले पहले भारतीय न्यूरोलॉजिस्ट हैं। वह 2013—14 में इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोलॉजी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे।

3. डॉ. मेश्राम को सार्वजनिक स्वास्थ्य शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रमों का शौक है और वह कई वर्षों से स्ट्रोक, मिर्गी, डिमेंशिया, पार्किंसंस, ऑटिज़्म, रेबीज़, सिरदर्द, मस्तिष्क संक्रमण आदि जैसी बीमारियों के बारे में बैठकों, रेडियो—वार्ताओं, टेलीविजन, स्कूलों और कॉलेजों में व्याख्यान और समाचार पत्रों के लेखों के माध्यम से ऐसे कार्यक्रम करते हैं। उन्होंने जन जागरूकता पर 400 लेख प्रकाशित किए। वह शैक्षिक गतिविधि WFN-IAN न्यूरो संक्रमण वेबिनार श्रृंखला के पाठ्यक्रम निदेशक हैं। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया है और 11 वर्षों तक हर वर्ष 6 विषयों पर सीएमई का संचालन किया है। उन्होंने भारत में प्रशिक्षण के लिए गरीब एशियाई देशों के छात्रों के लिए न्यूरोलॉजी विभाग का दौरा शुरू किया।

4. डॉ. मेश्राम अंतरराष्ट्रीय जर्नल eNeurologicalSci के सहायक संपादक और एनसाइक्लोपीडिया ऑफ न्यूरोसाइंसेज के अनुभाग संपादक हैं। जर्नलों में उनके 63 प्रकाशन हैं। वह 18 अंतरराष्ट्रीय नैदानिक अनुसंधान परीक्षणों के प्रमुख अन्वेषक थे और इनके आधार पर, मिर्गी और पार्किंसंस रोग के इलाज के लिए दो नई दवाओं को यू.एस. एफडीए की मंजूरी मिली। वह बाबा आमटे की महारोगी सेवा समिति, विदर्भ साहित्य संघ और डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर स्मारक समिति दीक्षाभूमि, नागपुर के ट्रस्टी हैं। वह गरीब मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति देते हैं और आवासीय कला शिविरों के लिए छात्रों को प्रायोजित करते हैं। वह ऑरेंज सिटी कल्चरल फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष हैं और इसके माध्यम से उन्होंने नागपुर में छह ऑरेंज सिटी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, फिल्म प्रशंसा कार्यशालाएं, दो भारतीय फिल्म महोत्सव और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया। वह 2018 में एनएमसी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के लिए नागपुर के ब्रांड एंबेसडर थे।

5. डॉ. मेश्राम को आयकर विभाग द्वारा सम्मान पुरस्कार, आरटीएम नागपुर विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज जीवन साधना पुरस्कार, इंस्पायरिंग न्यूरोलॉजिस्ट ऑफ द कंट्री अवार्ड, प्रोफेशनल आइकन ऑफ विदर्भ अवार्ड, उत्कृष्ट स्वास्थ्यचर्या के लिए लोकमत टाइम्स असाधारण योगदान पुरस्कार, डॉ. वानकर गोल्ड मेडल और इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोलॉजी द्वारा आईएमए और एफआईएएन लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड जैसे विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।